भारत सरकार
Government of India
जल संसाधन मंत्रालय
Ministry of Water Resources
गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग
Ganga Flood Control Commission

वार्षिक प्रतिवेदन 2011-12
ANNUAL REPORT 2011-12

पटना Patna

विषय सूची

अध्यक्ष के कलम से		ii
वर्ष 2011–12 की उपलब्धियां		iii
1.	प्रस्तावना	1
2.	बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजनाएं	11
3.	सड़क एवं रेल पुलों के नीचे जलमार्गों की पर्याप्तता का आंकलन	13
4.	बाढ़–प्रबंधन कार्यक्रम (राज्य खण्ड)	14
5.	बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का मूल्यांकन	16
6.	राज्यवार चल रही बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का मॉनिटरिंग	22
7.	नदी प्रबंधन क्रियाकलापों और सीमा क्षेत्रों से संबंधित कार्य	26
8.	पड़ोसी देशों के साथ सहयोग	29
9.	हिन्दी के प्रयोग की प्रगति	33
10.	प्रशिक्षणों, कार्यशालाओं एवं सेमीनारों में भागीदारी	35
11.	विभिन्न समितियों में गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग का प्रतिनिधित्व	36

अध्यक्ष के कलम से

गंगा बेसिन में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली राज्य आते हैं। मानसून अवधि के दौरान इसके एक क्षेत्र या अनेक क्षेत्रों में बाढ़ का आना एक वार्षिक घटना है। जैसा कि गंगा एक अन्तर्राज्जीय नदी है, अतः यह आवश्यक है कि बेसिन के बाढ़ से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए एक समेकित योजना बनायी जाय तथा इनका कार्यान्वयन समन्वित एवं सुनिश्चित तरीके से की जाए। गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग का गठन जल संसाधन मंत्रालय के एक अधीनस्थ कार्यालय के रूप में वर्ष 1972 में की गई। आयोग ने प्रारंभ से ही गंगा बेसिन क्षेत्र में बाढ़ से निपटने में राज्यों को मदद देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। अपने एक अधिदेश के अनुसार आयोग ने गंगा बेसिन की सभी 23 नदी पद्धतियों की बृहत् योजना तैयार कर इन योजनाओं में दिए गए सुझावों पर अनुवर्ती कार्रवाई करने हेतु इसे राज्य सरकारों को भेजा है।

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग ने वर्ष 2011–12 में सौंपे गए कार्यों को पूरी दक्षता एवं प्रभावशाली ढंग से निष्पादित किया है जिसका विस्तृत वर्णन इस रिपोर्ट में दिया गया है। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान भारत सरकार द्वारा आरंभ की गई राष्ट्रीय महत्व की बाढ़–प्रबंधन कार्यक्रम की योजना में गंगा बाढ़ नियंत्रण योजना की सक्रिय भूमिका के बारे में विशेष रूप से उल्लेख है। इस दौरान इन योजनाओं पर अच्छी प्रगति हुई। वर्ष 2011–12 के दौरान गंगा बेसिन राज्यों को वित्तीय सहायता के रूप में 332.63 करोड़ रू. की राशि दी गई।

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के अधिकारियों ने बाढ़ एवं जल निकास प्रबंधन से संबंधित विषयों में नेपाल एवं बंगलादेश सरकारों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय मामलों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नेपाल में लालबकेया, बागमती और कमला जैसी अन्तर्राष्ट्रीय नदियों के तटबंध विस्तार की योजनाओं में अच्छी प्रगति हुई है। इच्छामती नदी की साझी सीमा में जल निकास अवरोध को दूर करने का काम पूरा किया गया है।

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग का वर्ष 2011–12 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है तथा मुझे विश्वास है कि यह प्रतिवेदन गंगा बेसिन में बाढ़–प्रबंधन के क्षेत्र में तथा अन्य संबंधित कार्यों में गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की भूमिका और इसके योगदान की एक बृहत् छवि प्रस्तुत करेगा।

बिभास कुमार

(बिभास कुमार)
अध्यक्ष
गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग

वर्ष 2011–12 की उपलब्धियां

1. गंगा बेसिन राज्यों के 50 बाढ़ प्रबंधन योजनाओं का तकनीकी–आर्थिक मूल्यांकन किया गया। 15 योजनाओं को तकनीकी–आर्थिक रूप से गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग/ तकनीकी सलाहकार समिति–जल संसाधन मंत्रालय द्वारा मंजूर की गई। जबकि 35 योजनाओं का परीक्षण किया गया और टीका–टिप्पणी राज्य सरकारों को भेजा गया।

2. बिहार, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की 32 बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का अनुश्रवण किया गया और वर्ष 2011–12 के दौरान केन्द्रीय सहायता के रूप में 332.63 करोड़ रूपये राज्यों को दिए गए।

3. गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग नेपाल में कमला, वागमती और लालबकेया नदियों पर भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तटबंध निर्माण कार्य का अनुश्रवण करती है। जल प्लावन एवं बाढ़–प्रबंधन पर गठित भारत–नेपाल संयुक्त समिति, जो उपरोक्त कार्यों की अनुश्रवण करती है, की जून 2011 और जनवरी 2012 में बैठकें हुई।

4. पश्चिम बंगाल में बंगलादेश के साथ साझी सीमा नदियों पर बाढ़–प्रबंधन योजनाओं और इच्छामती नदियों के गाद निकालने की योजना जिसका पूर्ण खर्च ''नदी प्रबंधन क्रिया–कलाप और सीमा क्षेत्र कार्यों'' का गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग द्वारा अनुश्रवण किए गए।

5. अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग (जोकि कोसी उच्चस्तरीय समिति और गंडक उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष हैं) के नेतृत्व में 2012 के बाढ़ के पूर्व कोसी नदी और गंडक नदी के दाहिने किनारे पर किए जाने वाले बाढ़ प्रबंधन कार्यों की अनुशंसाओं को मूर्त रूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

6. कोसी और रूपनारायण–हल्दी–रसूलपुर नदी प्रणाली की बृहत् योजना के अद्यतन करने का कार्य प्रगति पर है।

7. केन्द्रीय जल मंत्री की अध्यक्षता में गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् की 15वीं बैठक दिनांक 25.5.2011 को नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसमें बाढ़ और इसके प्रबंधन विषयों से संबंधित अनेक मुद्दों पर गंगा बेसिन राज्यों द्वारा की गई कार्रवाई पर विचार–विमर्श किए गए और इससे संबंधित निर्णय लिए गए।

1 प्रस्तावना

1.1 गंगा बेसिन में बाढ़ की समस्याएं

दो पवित्र नदियां अलकनन्दा और भागीरथी हिमालय के लगभग 7000 मी. की ऊंचाई पर स्थित हिम चोटियों से निकली हैं और देवप्रयाग के निकट एक हो गयी हैं। यह एकीकृत नदी गंगा नदी के नाम से जानी जाती है और अपने रास्ते से होकर बहती हुई बंगाल की खाड़ी के संगम तक 2525 कि.मी. दूरी तय करती है (जिसमें उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में 1450 कि.मी., उत्तर प्रदेश एवं बिहार की सीमा से सट कर 110 कि.मी., बिहार एवं झारखंड में 445 कि.मी. तथा पश्चिम बंगाल में 520 कि.मी. क्षेत्र में बहती है)। गंगा नदी की महत्वपूर्ण सहायक नदियां रामगंगा, गोमती, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, कमला, बागमती एवं महानन्दा इसके बांयी ओर से मिलती है जबकि इसके दाहिने ओर से यमुना, टोन्स, सोन, किऊल, अजय, दामोदर, पुनपुन एवं रूपनारायण नदियां मिलती हैं। गंगा नदी, गंगा बेसिन राज्यों की एक प्रमुख जल निकास मार्ग है। यह गंगा बेसिन के कुल आवाह क्षेत्र 10.68 लाख वर्ग कि.मी. का जल निस्सरण करती है जिनमें से 8.61 लाख वर्ग कि.मी. भारत में अवस्थित है । इस प्रकार यह भारत के 26 प्रतिशत क्षेत्र का जल निस्सरित करती है। गंगा के मैदानी भाग की मिट्टी सामान्यतः जलोढ़ है। वाएं किनारे की सभी प्रमुख नदियां जो गंगा में मिलती है, उनका उद्गम स्थल हिमालय पर्वत है। जबकि, यमुना को छोड़कर जिसका उद्गम स्थल भी हिमालय है, शेष सभी विंध्य पर्वत श्रृंखला या फिर गंगा और विंध्य पर्वत श्रृंखला के मध्य स्थित पठार से निकली है। विभिन्न गंगा बेसिन राज्यों में से बिहार राज्य का मुख्यतः उत्तरी भाग, उत्तर पदेश का पूर्वी भाग एवं पश्चिम बंगाल बाढ़ से अत्यधिक प्रभावित राज्य हैं। बाढ़ की समस्या अन्य गंगा बेसिन राज्यों में इतनी गंभीर नहीं है।

गंगा बेसिन में बाढ़ की समस्याओं के संक्षिप्त कारण निम्न हैंः–

1. आवाह क्षेत्र में लम्बी अवधि तक भारी वर्षा का होना।
2. वर्षा ऋतु में गंगा नदी द्वारा जल निकास मार्ग का अवरूद्ध होना।
3. वर्षा ऋतु के दौरान नदी द्वारा तट का कटाव।
4. नदी के विसर्पी होने के कारण भूमि, सम्पत्ति एवं जीवन की क्षति।
5. तटबंधों की अपर्याप्त क्षमता।
6. बाढ़ नियंत्रण संरचनाओं की खराब अनुरक्षण के फलस्वरूप वर्षा ऋतु के दौरान उनका क्षतिग्रस्त होना।
7. नदियों के बाढ़ प्रवृत मैदानी क्षेत्र में अवस्थित गांवों का जलमग्न होना।

गंगा नदी एवं इसकी सहायक नदियों का तल ढलान ऊपरी क्षेत्र में बहुत अधिक ढालू है, जो कि आगे मध्य क्षेत्र में समतल और निचले क्षेत्र में तल बराबर हो जाता है। ऊपरी मार्ग में गंगा नदी अत्यधिक कटाव तथा तल क्षरण के लिए प्रबल मानी गयी है यानि बहुत खराब अवनति। प्रवाह द्वारा क्षरित पदार्थ नीचे आ जाते हैं तथा मध्य मार्ग कटाव एवं अधिवृद्धि दोनों ही के साक्षी हैं। निचला क्षेत्र जहां का तल ढलान समतल है तथा वेग कम है, ऐसे में संचयन प्रक्रिया अर्थात् नदी तल का अवसादन एवं अभिवृद्धि प्रबल होती है। गंगा नदी की विशर्पी अवस्था के कारण कटाव एवं अवसादन की घटना एक साथ होती है।

गंगा बेसिन 11 राज्यों यथा– उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, बिहार, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल, राज्यों में फैला है। गंगा बेसिन को 23 नदी पद्धतियों में विभाजित किया गया है। बेसिन के नदी पद्धति इस प्रकार हैं :–

1. गोमती
2. अधवारा समूह
3. घाघरा
4. महानन्दा
5. कमला बलान
6. बूढ़ी गंडक
7. बागमती
8. पुनपुन
9. कोसी
10. गंडक
11. अजय
12. किऊल हरोहर
13. दामोदर
14. मयूराक्षी
15. यमुना
16. रामगंगा
17. टोन्स
18. बदुआ–चन्दन
19. रूपनारायण–हल्दी–रसूलपुर
20. जलंगी
21. सोन
22. टाइडल नदियां
23. गंगा की मुख्य धारा

इनमें से अधिकांश नदियां अन्तर्राज्जीय हैं तथापि कुछ एक राज्यीय हैं।

इन राज्यों का बाढ़ से प्रभावित कुल क्षेत्र 20.40 मिलियन हे0 है जो देश में कुल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लगभग 50 प्रतिशत है तथा इससे हर साल बार–बार बाढ़ के कारण जान–माल की भारी क्षति होती है ।

गंगा बेसिन में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र की राज्यवार ब्योरा नीचे दिए गए हैं :–

क्र. सं.	राज्य	राष्ट्रीय बाढ़ आयोग द्वारा किया गया आंकलन	10वीं योजना हेतु डब्लू. जी. को राज्यों द्वारा की गई रिपोर्ट
1.	हिमाचल प्रदेश	2.30	2.31
2.	हरियाणा	23.50	23.50
3.	राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली	0.50	0.70
4.	उत्तर प्रदेश(उत्तराखंड सहित)	73.36	73.40
5.	राजस्थान	32.60	32.60
6.	मध्य प्रदेश(छत्तीसगढ़ सहित)	2.60	3.37
7.	बिहार (झारखंड सहित)	42.60	68.80
8.	पश्चिम बंगाल	26.50	37.66
	कुल	**203.96**	**242.34**



1.2 गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद्

गंगा बेसिन की गंभीर एवं चिरकालिक बाढ़ समस्याओं का प्रभावी ढंग से सामना करने तथा उससे होने वाली क्षति को बहुत हद तक कम करने के उद्धेश्य से बाढ़–प्रबंधन, कटाव नियंत्रण इत्यादि कार्य करने के लिए एक समेकित योजना बनाने तथा त्वरित जल निकास मार्ग की सुविधा प्रदान करने तथा इसका एक बृहत् एवं समन्वित रूप में कार्यान्वयन की आवश्यकता महसूस की गई। इन उद्धेश्यों की प्राप्ति के लिए भारत सरकार, जल संसाधन मंत्रालय के संकल्प सं. एफ.सी.–47 (2)/72 दिनांक 18.4.1972 द्वारा गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् (जी.एफ.सी.बी.) का गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष माननीय केन्द्रीय मंत्री, जल संसाधन हैं।

कार्य :

- विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत नीतियां तैयार करना एवं उसके कार्यान्वयन की प्राथमिकता निर्धारित करना।
- गंगा बेसिन में बाढ़ नियंत्रण की बृहत् योजना तैयार करने के संबंध में गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करना तथा तद्नुसार बनाई गई योजनाओं का अनुमोदन करना।

1.3 गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् का गठन

जल संसाधन मंत्रालय के संकल्प संख्या–22/3/99–पू.न./2586 दिनांक 28.6.2001 द्वारा अधिसूचित गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् का गठन नीचे दिया गया है:–

1.	केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री	–	अध्यक्ष
2.	केन्द्रीय जल संसाधन राज्य मंत्री	–	सदस्य +
3.	केन्द्रीय वित्त मंत्री या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
4.	केन्द्रीय रेल मंत्री या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
5.	केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
6.	केन्द्रीय कृषि मंत्री या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
7.	मुख्य मंत्री, बिहार या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
8.	मुख्य मंत्री, प0 बंगाल या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
9.	मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
10.	मुख्य मंत्री, हरियाणा या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
11.	मुख्य मंत्री, राजस्थान या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
12.	मुख्य मंत्री, मध्य प्रदेश या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
13.	मुख्य मंत्री, हिमाचल प्रदेश या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
14.	मुख्य मंत्री, झारखण्ड या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य

15.	मुख्य मंत्री, उत्तराखंड या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
16.	मुख्य मंत्री, छत्तीसगढ़ या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
17.	सदस्य, योजना आयोग	–	सदस्य
18.	मुख्य मंत्री, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली या उनके प्रतिनिधि	–	सदस्य
19.	अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग	–	सदस्य–सचिव

+ केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री की अनुपस्थिति में अध्यक्ष

मार्च, 2012 तक गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् की अबतक 15 बैठकें आयोजित हुई हैं। परिषद् की 15वीं बैठक 25 मई, 2011 को नई दिल्ली में आयोजित हुई। इस बैठक में गंगा बेसिन राज्यों के बाढ़ और प्रबंधन संबंधी विषयों पर विचार–विमर्श किए गए और अनुवर्ती कारवाई की रूप–रेखा तैयार की गई।

1.4 गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग

गंगा बेसिन राज्यों में बाढ़ की समस्याओं के निदान एवं उसके प्रबंधन हेतु भारत सरकार ने अपने संकल्प सं. एफ.सी.–47(2)/72 दिनांक 18.4.1972 के द्वारा वर्ष 1972 में गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की स्थापना की गई। यह जल संसाधन मंत्रालय का एक अधीनस्थ कार्यालय है और यह गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् के सचिवालय एवं कार्यपालक स्कंध के रूप में कार्य करता है। इसका मुख्यालय पटना में है।

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग का गठन निम्नवत् है :–

1.	अध्यक्ष, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग	–	अध्यक्ष

पूर्ण कालिक सदस्य

2.	सदस्य(योजना), गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग	–	सदस्य
3.	सदस्य(समन्वय), गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग	–	सदस्य

आयोग के अंशकालिक सदस्य

4.	मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार	–	सदस्य
5.	मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार	–	सदस्य
6.	मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार	–	सदस्य
7.	मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी सिंचाई विभाग, उत्तराखंड सरकार	–	सदस्य
8.	मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग, प0 बंगाल सरकार	–	सदस्य

9.	अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग मध्य प्रदेश सरकार	–	सदस्य
10.	अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग छत्तीसगढ़ सरकार	–	सदस्य
11.	सदस्य(नदी प्रबंधन), केन्द्रीय जल आयोग भारत सरकार, नई दिल्ली	–	सदस्य
12.	निदेशक, केन्द्रीय जल एवं शक्ति अनुसंधान केन्द्र, भारत सरकार, पूणे	–	सदस्य
13.	मुख्य अभियंता(लोअर गंगा बेसिन), केन्द्रीय जल आयोग, भारत सरकार, पटना	–	सदस्य
14.	मुख्य अभियंता(योजना) सड़क स्कंध, सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार	–	सदस्य
15.	निदेशक(सिविल अभियंत्रण स्कंध), रेलवे बोर्ड, भारत सरकार	–	सदस्य

आयोग के स्थायी आमंत्रित सदस्य

1. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी, हरियाणा सरकार
2. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी, हिमाचल प्रदेश सरकार
3. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी, राजस्थान सरकार
4. मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रभारी, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
5. निदेशक(बी.एण्ड.एस.), आर.डी.एस.ओ., रेल मंत्रालय, लखनऊ

1.5 गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के कार्य

आयोग को मूल रूप से सौंपे गए कार्य निम्नवत हैं :–

(क) गंगा बेसिन में बाढ़–नियंत्रण की बृहत् योजना तैयार करना।

(ख) संबंधित राज्यों द्वारा बेसिनवार योजनाओं में शामिल कार्यों के कार्यान्वयन का चरणबद्ध एवं समन्वित रूपरेखा प्रस्तुत करना।

(ग) कार्यों एवं उनके नियमित अनुरक्षण का उचित मानक सुनिश्चित करना।

वर्त्तमान में जी.एफ.सी.सी. का विस्तृत कार्य इस प्रकार हैं :–

- गंगा बेसिन में बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजना तैयार करना। गंगा बाढ़ नियंत्रण परिषद् द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार राज्य सरकारों के द्वारा इस काम के लिए क्षेत्र अन्वेषण एवं आंकड़ा संकलन का कार्य करना।
- बेसिनवार योजनाओं में सम्मिलित कार्यों के कार्यान्वयन का चरणबद्ध एवं समन्वित कार्यक्रम तैयार करना।

- संबंधित राज्यों को उचित मानकों के अनुसार कार्यों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण, सामग्री विनिर्देश एवं उनके अनुरक्षण के संबंध में दिशा–निर्देश पालन हेतु सलाह देना।

- परिषद् के विचारार्थ, जब कभी आवश्यकता हो, तो कार्यों से संबंधित वार्षिक कार्यक्रम तैयार करना एवं निधि आवंटन की अनुशंसा करना।

- सड़क एवं रेल पुलों के नीचे मौजूदा जल निकास मार्गों का आंकलन एवं जल निस्सरण के अवरोध को यथोचित सीमा तक कम करने के लिए अतिरिक्त जल मार्गों का निर्धारण करना।

- महत्वपूर्ण बाढ़ नियंत्रण योजनाएं विशषकर वह जो केन्द्रीय सहायता प्राप्त कर रही हैं या केन्द्रीय सेक्टर में कियान्वित हो रही हैं, उनकी मॉनिटरिंग करना।

- ताजेवाला से ओखला बराज तक के क्षेत्र में यमुना नदी पर हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली राज्यों की योजनाओं को छोड़कर गंगा सब–बेसिन की सभी बड़ी एवं मध्यम बाढ़–नियंत्रण, जल निकास, जल जमाव रोधी और कटावरोधी योजनाओं की जांच।

- बेसिन राज्यों द्वारा समुचित उपयोग के लिए वैज्ञानिक संगठनों के साथ मिलकर किए गए विशेष अध्ययनों या अन्वेषणों से प्राप्त निष्कर्षों का प्रलेख एवं प्रसार करना।

- सभी अन्तर्राज्जीय बाढ़ नियंत्रण योजनाओं सहित राज्यों द्वारा निष्पादित किए गए प्रमुख बाढ़ नियंत्रण उपायों की कार्यकारिता का मूंल्याकन करना।

- बाढ़ प्रबंधन विषय से संबंधित भारत सरकार एवं गंगा बेसिन राज्यों द्वारा गठित विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समितियों में भाग लेना।

गंगा बेसिन में बाढ़–प्रबंधन की बृहत् मास्टर योजनाएं तैयार करने तथा उनका समय–समय पर अद्यतन करने के काम के साथ गंगा बेसिन में बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का तकनीकी एवं आर्थिक मूल्यांकन का कार्य भी जी.एफ.सी.सी. करता है । नेपाल के साथ बाढ़–प्रबंधन से संबंधित अनेक क्रिया–कलापों में समन्वय का काम भी दिया गया है।

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग की अबतक कुल 43 बैठकें अयोजित हो चुकी हैं। जी.एफ. सी.सी. की 43वीं बैठक लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में मार्च, 2012 में आयोजित हुई थी। इन बैठकों में गंगा बेसिन से संबंधित विभिन्न विषयों जैसे– राष्ट्रीय बाढ़ आयोग की अनुशंसाओं के कार्यान्वयन में हुई प्रगति, फ्लड प्लेन जोनिंग/फ्ल्ड रिस्क मैपों को तैयार करना, सब बेसिनवार बृहत योजनाओं का कार्यान्वयन, बाढ़–प्रबंधन योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन, फ्ल्ड प्लेन क्षेत्र के चित्र के लिए रिमोट सेन्सिंग तकनीक/उपग्रह चित्रण का उपयोग, बाढ़ प्रबंधन योजनाओं के निर्माण एवं निष्पादन से पहले मॉडल अध्ययन की आवश्यकता के आंकलन का काम किया जाना, बाढ़ प्रबंधन योजनाओं का वार्षिक सूची पत्र तैयार करना आदि पर विचार–विमर्श किया गया तथा विभिन्न गंगा बेसिन राज्यों/संबंधित केन्द्रीय संगठनों द्वारा इस पर अनुगामी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग
संगठन चार्ट



1.7 गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में अधिकारियों/कर्मचारियों की संख्या

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में 31.3.2012 को कुल 101 स्वीकृत पदों के स्थान पर 69 अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं। स्वीकृत एवं भरे गए पदों का ब्योरा नीचे दिए गए हैं :–

क.सं.	समूह	स्वीकृत	रिक्त	कुल भरे गए पद
1.	क (राजपत्रित)	23	5	18
2.	ख (राजपत्रित)	13	4	9
3.	ख (अराजपत्रित)	7	–	7
4.	ग	42	19	23
5.	घ	16	5	11
कुल		**101**	**33**	**68**

इसके अतिरिक्त 19 कार्यभारित कर्मचारीगण जिनमें 03 चालक, 04 कार्य सहायक एवं 12 खलासी भी गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग के विभिन्न क्रिया–कलापों के सम्पादन हेतु कार्यरत हैं ।

'क' समूह के सभी पद एवं 'ख' समूह के सहायक निदेशक ग्रेड–2 पद केन्द्रीय जल अभियंत्रण सेवा के क्रमशः 'क' एवं 'ख' में सम्मिलित हैं ।

1.8 सतर्कता एवं अनुशासनिक मामले

वर्ष 2011–12 के दौरान किसी अधिकारी और अन्य किसी कर्मचारी से संबंधित कोई सतर्कता या अनुशासनिक मामला इस आयोग में लंबित नहीं था ।

1.9 संसद प्रश्नों एवं अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

1.9.1 वर्ष के दौरान 53 संसद प्रश्नों का उत्तर हेतु सामग्री तैयार की गई तथा मंत्रालय को भेजा गया।

1.9.2 वर्ष के दौरान 11 अति महत्वपूर्ण व्यक्तियों के प्रश्नों से संबंधित उत्तर हेतु सामग्री तैयार किया गया तथा जल संसाधन मंत्रालय को भेजा गया ।

1.10 सूचना के अधिकार नियम–2005 का कार्यान्वयन

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में प्रार्थीयों द्वारा किए गए अनुरोध एवं अधिनियम में दिए गए निर्धारित समय–सीमा के अन्दर प्रार्थी को सूचना प्रेषित करने के काम को देखने के लिए एक अपीली प्राधिकारी, एक लोक सूचना अधिकारी एवं पांच सहायक लोक सूचना

अधिकारी को भी पदनामित किया गया है। 31.3.2012 तक के अधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं :–

1.	श्री एस.मसूद हुसैन, सदस्य(समन्वय)	अपीलीय प्राधिकारी
2.	श्री रवि भूषण कुमार, निदेशक(एम.पी.–II)	केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी
3.	श्री ए.के.सिन्हा, सहायक निदेशक–II(समन्वय)	सहायक लोक सूचना अधिकारी
4.	श्री हर्षवर्द्धन, सहायक निदेशक–II (एम.पी.–I)	सहायक लोक सूचना अधिकारी
5.	श्री एम.क्यू.जमाल, सहायक निदेशक–II (एम.पी.–II)	सहायक लोक सूचना अधिकारी
6.	श्री एस.के.चौरसिया, सहायक निदेशक–II(योजना)	सहायक लोक सूचना अधिकारी

वर्ष 2011–12 के दौरान जल संसाधन मंत्रालय के माध्यम से इस कार्यालय को 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे, जिनका उत्तर तत्परता से सीधे प्रार्थी को दिया गया।

1.11 वित्तीय पहलू

वर्ष 2011–12 के दौरान गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग द्वारा 478.03 लाख रूपये की राशि व्यय की गई। वर्ष 2011–12 के दौरान उप शीर्षवार अंतिम प्राक्कलन एवं वास्तविक व्यय को दर्शाता विवरण नीचे दिया गया है :–

(राशि रू. में)

क्र.सं.	लेखा शीर्ष	अंतिम प्राक्कलन 2011–12	वास्तविक व्यय 2011–12
1.	वेतन	39284000	38941900
2.	चिकित्सा	150000	124886
3.	यात्रा व्यय (घरेलु)	23002000	2219854
4.	यात्रा व्यय (विदेश)	150000	118959
5.	कार्यालय व्यय	600000	541714
6.	लघु कार्य	4400000	4418988
7.	मशीनरी एवं उपस्कर	1450000	1436446
8.	समयोपरि भत्ता	10000	0
कुल		**48344000**	**47802747**

———————

2 बाढ़ प्रबंधन की बृहत् योजनाए

2.1 बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजना तैयार करना

गंगा बेसिन क्षेत्र में ग्यारह राज्य शामिल हैं, इन राज्यों के कुछ या अन्य भागों में हर वर्ष बाढ़ का आना एक सामान्य घटना है। अबतक किए गए अपर्याप्त सुरक्षा कार्यो के कारण बाढ़ से व्यापक क्षति होती है। अतः इस बेसिन में बाढ़, कटाव एवं जल निकास समस्याओं का सामना करने के लिए एक समेकित योजना तैयार करना तथा इसके समन्वित रूप से क्रियान्वित करने की आवश्यकता महसूस की गई। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए गंगा बेसिन के लिए बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजनाएं तैयार करने के लिए गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग का गठन किया गया। समस्त गंगा बेसिन को 23 नदी पद्धतियों में विभाजित किया गया है तथा वर्ष 1975 से 1990 के बीच इन सभी नदी पद्धतियों की बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजनाएं तैयार कर ली गयी हैं। ये बृहत् योजनाएं संबंधित राज्य सरकारों को भेजी गई जिससे कि वे प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वयन हेतु आवश्यक योजनाएं तैयार कर सकें।

2.2 बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजनाओं को अद्यतन करना

गंगा बेसिन में नदियों की गतिविधियों में हो रहे लगातार परिवर्तनों एवं अन्य कारणों के मद्देनजर सभी नदी पद्धतियों की बाढ़–प्रबंधन की बृहत् योजनाओं को अद्यतन करने की आवश्यकता महसूस की गई । यह कार्य वर्ष 1986 में आरंभ किया गया तथा मार्च, 2010 तक गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग ने 22 नदी पद्धतियों की बृहत् योजनाओं को अद्यतन किया है।

अद्यतन की गई बृहत् योजनाओं को भी संबंधित राज्य सरकारों को आगे की अनुवर्ती कार्रवाई हेतु परिचालित किया गया।

वर्ष 2011–12 के दौरान कोसी और रूपनारायण–हल्दी–रसूलपुर की बृहत् योजना को अद्यतन करने का काम प्रगति पर है।

2.3 बाढ़ का मॉनिटरिंग और बाढ़ रिपोर्ट तैयार करना :

वर्ष 2011 में गंगा बेसिन राज्यों में बाढ़ की स्थिति का मॉनिटरिंग किया गया तथा 18 साप्ताहिक रिपोर्ट जल संसाधन मंत्रालय को भेजे गए।

गंगा बेसिन राज्यों में वर्ष 2011 में बाढ़ की स्थिति का राज्यवार संक्षिप्त विवरण नीचे इस प्रकार हैं:–

वर्षा

सम्पूर्ण गंगा बेसिन में वर्ष के दौरान वर्षा सामान्य रही। मानसून के दौरान पश्चिम तथा पूर्वी राजस्थान और मध्य प्रदेश के मौसम विज्ञान उप–मंडल में वर्षा अत्यधिक हुई।

गंगा बेसिन के नदियों में बाढ़ की स्थिति

केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त आंकड़ा के अनुसार राज्यवार नदियों में बाढ़ की स्थिति निम्नवत् रही :–

उत्तर प्रदेश

गंगा नदी बलिया, गाजीपुर, हरिद्वार और फतेहगढ़, घाघरा नदी एलिग्न ब्रिज, अयोध्या और कुर्तीपर, शारदा नदी पालियाकलाम और यमुना नदी, माबी और मथुरा में मानसून अवधि में खतरे के निशान से ऊपर रही।

बिहार

गंगा नदी बक्सर, गांधीघाट, हाथीदह और भागलपुर में, कोसी नदी बसुआ और बालतारा में, सोन नदी मनेर, पुनपुन नदी, श्रीपालपुर, बागलमती, बेनीबाग, महानन्दा ढिंढराघाट, कमला बलान, झंझारपुर और अधवारा नदी समूह कमतौल में मानसून अवधि के दौरान खतरे के निशान से ऊपर रही। सोन नदी में अप्रत्याशित बाढ़ आयी जिसमें इन्द्रपुरी बराज पर अधिकतम जलनिस्सरण 9.58 लाख क्यूसेक था।

पश्चिम बंगाल

गंगा नदी फरक्का, म्यूराक्षी, महरो और कंशवती फुलवरिया में मानसून अवधि के दौरान खतरे से ऊपर रही।

झारखण्ड

गंगा नदी साहिबगंज और दामोदर रामगढ़ में मानसून अवधि में खतरे के निशान से ऊपर रही।

अन्य गंगा बेसिन राज्यों से गंगा को छोड़कर सभी नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे रहा।

बाढ़ से क्षति

गृह मंत्रालय के आपदा प्रबंधन संभाग के रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2011 के दौरान गंगा बेसिन राज्यों ने बाढ़ से 82.74 लाख आबादी प्रभावित हुए थे। बेसिन राज्यों में 3090 व्यक्तियों और 1783 मवेशियों की जाने गईं। बाढ़ से कुल 547209 मकानों को आंशिक/पूर्णतः नुकसान हुआ। 12.31 लाख हे0 क्षेत्र में फसलों को क्षति पहुंची। बाढ़ से 96220 लाख रूपये का नुकसान हुआ। यह उल्लेखनीय होगा कि उपरोक्त नुकसान संबंधी रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश से संबंधित क्षति सम्मिलित नहीं है।

———————

3 सड़क एवं रेल पुलों के नीचे जलमार्गों की पर्याप्तता का आंकलन

3.1 गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग का एक और महत्वपूर्ण कार्य सड़क एवं रेल पुलों के नीचे जलमार्गो की पर्याप्तता पर रिपोर्ट तैयार करना है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा मौजूदा रेल एवं सड़क पुलों के नीचे जलमार्गों की पर्याप्तता या अन्य कारणों की जांच के लिए अक्सर गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग को आमंत्रित किया जाता है। इसका उद्धेश्य जल निकास मार्गों में जल जमाव को एक सीमा तक कम करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त जल मार्गों का निर्धारण करना है। यह क्रिया–कलाप, जोकि अस्सी के दशक के आखरी में शुरू की गई थी, को गंगा की मुख्य प्रवाह के कुछ स्ट्रेचेज को छोड़कर बाकी सभी नदियों के लिए पूरा किया जा चुका है।

इन रिपोर्टों को भी गंगा बेसिन राज्यों तथा केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों से संबंधित विभागों को अनुगामी कार्रवाई हेतु परिचालित किया गया है।

———————————

4 बाढ़–प्रबंधन कार्यक्रम

वर्ष 2004 में बिहार, असम एवं पश्चिम बंगाल में आयी अप्रत्याशित बाढ़ के कारण और इन राज्यों में बृहत् पैमाने पर हुई क्षति के परिणामरूवरूप माननीय प्रधानमंत्री के निर्देश पर भारत सरकार ने बाढ़ समस्या की गंभीरता एवं उससे उत्पन्न गंभीर संकट को ध्यान में रखते हुए अगस्त, 2004 में अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्षता में बाढ़ प्रबंधन/कटाव नियंत्रण के लिए एक टॉस्क फोर्स का गठन किया गया तथा इस टॉस्क फोर्स को असम एवं पड़ोसी राज्यों यथा– बिहार, पश्चिम बंगाल एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में आने वाली चिरकालिक बाढ़ की समस्या की जांच–पड़ताल करना था। इस टॉस्क फोर्स ने इन राज्यों में बाढ़ से संबंधित बहुत सारे विषयों पर विचार–विमर्श किया और स्थल पर स्थिति से निपटने हेतु अनेक सुझाव दिए। समिति ने अपनी रिपोर्ट में इन राज्यों में बाढ़ और कटाव नियंत्रण के लिए अनेक उपाय सुझाए। जल संसाधन मंत्रालय को टॉस्क फोर्स की रिपोर्ट दिसम्बर, 2004 में दिया गया।

टॉस्क फोर्स एवं ऐसी ही अन्य समितियों की अनुशंसाओं को ध्यान में रखते हुए, 11वीं योजना अवधि के दौरान योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य सेक्टर के अधीन 8000 करोड़ रू. की योजना की एक रूपरेखा तैयार की गयी है, जिसका शीर्षक ''फ्लड मैनेजमेंट प्रोग्राम'' है। इस योजना में बाढ़–प्रबंधन, तट कटावरोधी, समुद्र तट कटावरोधी, जल निकास विकास एवं फ्लड प्रूफिंग शामिल हैं। इन प्रत्येक योजनाओं की वित्तीय अनुमोदन सचिव(व्यय), वित मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में गठित एक अधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जाता है और यह अनुमोदन संकटपूर्ण एवं आपात स्थिति एवं वार्षिक बजट में उपलब्ध धन/योजना लागत तथा संबंधित राज्य सरकार द्वारा राज्यांश एवं केन्द्रीय अंश/हिस्सा पर विचार के बाद उपलब्ध कराया जाता है। इस समिति में वित मंत्रालय के अतिरिक्त जल संसाधन मंत्रालय, पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय योजना आयोग के प्रतिनिधिगण शामिल हैं।

योजना आयोग द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार बाढ़–प्रबंधन के लिए विस्तृत योजनाएं कार्यान्वयन करने वाले राज्यों द्वारा तैयार की जाती है तथा तकनीकी–आर्थिक मूल्यांकन हेतु संबंधित मूल्यांकन एजेन्सी को दी जाती है।

राज्य सरकारों को निधि नीचे दिए गए पद्धति के आधार पर केन्द्रीय सहायता के रूप में प्रदान किए जाते हैं :–

1. विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों के लिए 90 प्रतिशत (विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों में पूर्वोत्तर राज्य, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर एवं उत्तराखण्ड राज्य शामिल हैं)
2. गैर विशेष दर्जा प्राप्त राज्यों के लिए–75 प्रतिशत
3. क्षतिग्रस्त कार्यों के जीर्णोद्धार के लिए 90 प्रतिशत तक केन्द्रीय सहायता के रूप में दिए जा सकते हैं।

वित्तीय एवं भौतिक प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण, कार्यों का समय पर पूर्ण होने आदि की जिम्मेवादी राज्य सरकार/कार्यान्वयन एजेन्सी की है।

''फलड् मैनेजमेंट कार्यक्रम'' योजना की मॉनिटरिंग अपने–अपने क्षेत्राधिकार क्षेत्र में केन्द्रीय जल आयोग, गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग एवं ब्रह्मपुत्र बोर्ड द्वारा किया जाना है। अंतरिक्ष विभाग/एन.आर.एस.सी. रिमोट सेन्सिंग तकनीक के माध्यम से कार्यों की भौतिक प्रगति की मॉनिटरिंग में भी सहयोगी है।

कार्य पूर्ण होने के बाद उसकी कार्यकारिता मूल्यांकन अध्ययन का काम जैसा विषय हो उस अनुसार केन्द्रीय जल आयोग, जी.एफ.सी.सी., ब्रह्मपुत्र बोर्ड के परामर्श से किसी स्वतंत्र एजेन्सी द्वारा कराया जाता है।

निष्पादन हेतु ली गई राज्यवार योजनाएं एवं उनकी स्थिति

11वीं योजना के दौरान (राज्यवार) शुरू की गई बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम की योजना एवं उनकी प्रगति का ब्योरा नीचे दी गई है:–

क्र. सं.	राज्य का नाम	अनुमोदित योजनाओं की संख्या	पूर्ण योजनाओं की संख्या	2012–13 के दौरान प्रगति पर रही योजना (अग्रनीत योजनाएं)
1.	बिहार	46	33	10#
2.	झारखण्ड	3	1	2
3.	पश्चिम बंगाल	11	6	4*
4.	उत्तर प्रदेश	24	6	18
5.	उत्तराखण्ड	12	4	8
6.	हिमाचल प्रदेश	1	–	1
कुल		**97**	**50**	**43**

बिहार की दो योजनाएं ई.सी.–एफ.एम.पी. द्वारा बंद की गई और 01 योजना पर पहले से ही बंद है।

* पश्चिम बंगाल की 01योजना राज्य सरकार द्वारा वापस ले ली गई।

———————————

5 बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का मूल्यांकन

5.1 गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में गंगा बेसिन राज्यों से प्राप्त बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का तकनीकी–आर्थिक मूल्यांकन का काम एक अनवरत क्रिया–कलाप है। 7.5 करोड़ रू. और 15 करोड़ रू. के बीच की अनुमानित लागत की योजनाओं का तकनीकी–आर्थिक व्यवहार्यता की जांच गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग द्वारा किया जाता है और अगर यह स्वीकार्य योग्य होती है तो इसे जी.एफ.सी.सी. द्वारा स्वीकृत किया जाता है तथा इसे निवेश स्वीकृति हेतु योजना आयोग को अनुशंसित किया जाता है। 7.5 करोड़ रू. से कम लागत की योजनाएं राज्य स्तर पर ही राज्य बाढ़ नियंत्रण परिषद् द्वारा स्वीकृति की जाती है। 15 करोड़ रू. से ऊपर की लागत की योजनाएं अगर स्वीकार्य योग्य पाया जाता है तो इसे जी.एफ.सी.सी. द्वारा उसके तकनीकी–आर्थिक मूल्यांकन करने के बाद स्वीकृति हेतु जल संसाधन मंत्रालय की सिंचाई, बाढ़ नियंत्रण एवं बहुद्धेश्शीय प्रोजेक्ट की सलाहकार समिति को भेजा जाता है।

सामान्यतः 7.5 करोड़ रू. से कम लागत की योजनाओं की जांच गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग नहीं करता है फिर भी विशेष मामले में जैसे– बंगलादेश की सीमा से लगे साझा/सीमा नदियों पर पूर्वी सेक्टर में तत्कालिक बाढ़ सुरक्षा कार्य की योजनाएं जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के अनुदेशानुसार जी.एफ.सी.सी. बंगलादेश के साथ की साझा सीमा की नदियों पर की योजनाओं की संवीक्षा करती है तथा निधि जारी करने हेतु जल संसाधन मंत्रालय को अनुशंसा करती है। इसके अतिरिक्त गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग में सभी केन्द्र प्रायोजित योजनाओं की तकनीकी–आर्थिक पहलू का परीक्षण किया जाता है। चाहे परियोजना लागत कितना ही क्यों न हो।

5.2 2011–12 के दौरान जांच की गई योजनाओं का ब्योरा तथा उनकी स्थिति नीचे दी गई है :–

क्र. सं.	योजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	स्थिति
	बिहार		
1.	भागलपुर जिला में गंगा नदी के वाएं किनारे पर विक्रमशीला ब्रिज के अनुप्रवाह में इस्माइलपुर से बिन्द टोली तक तट सुरक्षा कार्य	2339.00	तकनीकी–आर्थिक रूप में योजना स्वीकृति
2.	बिहार के पश्चिम चम्पारण में गंडक नदी के वाएं किनारे पर बाघा शहर सुरक्षा कार्य (फेज–1)	4891.00	तथैव

क्र. सं.	योजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	स्थिति
3.	बिहार के सीतमामढ़ी, मधुबनी एवं दरभंगा जिलों में आर.डी. 0.0 कि.मी. से आर.डी. 43.60 कि.मी. एवं आर.डी. 44.00 कि.मी. से आर.डी. 90.50 कि. मी. तक अधवारा एवं खिरोई के वाएं तटबंध और आर.डी. 0.0 कि.मी. से आर.डी. 81.50 कि. मी. तक का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण	16703.00	तथैव
4.	पिपरा–पिपरासी तटबंध के 0.00 कि.मी. से 35. 00 कि.मी. एवं पी.पी.ई. के जी.एच. भाग के 0.00 कि.मी. से 6.68 कि.मी. के बीच कटावरोधी कार्य	1460.655	तथैव
5.	सनहा–गोरगामा तटबंध के 0.00 कि.मी. से 21. 30 कि.मी. तक का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य	347.57	तथैव
6.	कटिहार जिला में छारामारी से झाबु टोला तक गंगा नदी के वाएं किनारे के एक एन्टी फ्लड स्लूइस एवं 10 सब–मर्जड बेडवार (21 मी. X 9 मी.) से रिटायड तटबंध (3.50 कि.मी.) के निर्माण हेतु एन्टी इरोजन कार्य	998.34	तथैव
7.	बी.के.जी. तटबंध के 64.37 कि.मी. एवं 90.52 कि.मी. में 03 प्रमुख एफ.एफ.एस. (53.90 से 54. 18 के बीच) सहित तटबंध का जीर्णोधार एवं गैप को बंद करना	3704.40	योजना का मूल्यांकन किया गया एवं प्रेक्षण रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी गई।
8.	महानन्दा बाढ़ प्रबंधन योजना फेज–2	41584.00	तथैव
9.	बागमती बाढ़ प्रबंधन योजना फेज–3	49714.00	मूल्यांकनाधीन
	पश्चिम बंगाल		
1.	मुर्शिदाबाद जिला के कांदी एवं अन्य समीपवर्ती क्षेत्र में तटबंधों को विकसित करने एवं उससे संबंधित कार्य	43894.00	तकनीकी–आर्थिक रूप में योजना स्वीकृत
2.	घाटल एवं समीपवर्ती क्षेत्र के लिए मास्टर प्लान एवं डी.पी.आर.	174000.00	योजना की जांच की गई एवं टिप्पणी राज्य सरकार को भेजी गई
	उत्तर प्रदेश		
1.	उत्तर प्रदेश के कांशीराम नगर जिला में नागला डल के निकट गंगा नदी के बुढ़ी गंगा में प्रवाह/कटाव को जांच हेतु प्रोजेक्ट प्राक्कलन	877.79	योजना तकनीकी–आर्थिक रूप में स्वीकृति
2.	बलरामपुर जिला में राप्ती नदी के वाएं किनारे पर कर्माहा–भोजपुर के निर्माण हेतु संशोधित प्राक्कलन	1179.09	तथैव

क्र. सं.	योजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	स्थिति
3.	बलिया जिला में 24.650 कि.मी. से 25.900 कि. मी. के बीच बलिया बैरिया बांध की सुरक्षा हेतु योजना	775.83	तथैव
4.	लखीमपुर–खेरी जिला में शारदा नदी के वाएं किनारे पर ऐरा ब्रिज से अम्बरपुर तक तटबंध के शेष कार्यों के निर्माण की योजना	2374.00	तथैव
5.	बरेली जिला में रामगंगा नदी के वाएं किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए योजना	1441.27	योजना की जांच की गई तथा टिप्पणियां राज्य सरकार को भेजी गई।
6.	बिजनौर जिला में खो नदी पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए योजना	1450.00	तथैव
7.	क्नपुर जिला में दाएं गाईड बांध के अनुप्रवाह से रानीघाट तक गंगा नदी के दाहिने किनारे पर की आबादी एवं आवासीय क्षेत्र की सुरक्षा के लिए योजना	1525.70	तथैव
8.	लखीमपुर खेरी जिला में शारदा नदी के वाएं किनारे पर ब्रिज सं. 97 एवं भीरा के स्पर सं. 0 पालिया रेलवे लाईन के बीच कटावरोधी कार्यों के निर्माण हेतु योजना	1883.11	तथैव
9.	लखीमपुर खेरी जिला में शारदा नदी के वाएं किनारे पर शारदा नगर से ऐरा ब्रिज तक तटबंध के शेष कार्य (निर्माणाधीन) के निर्माण की योजना	2650.42	तथैव
10.	बहराईच, गोंडा एवं बाराबंकी जिले में घाघरा नदी पर एल्जिन ब्रिज चारसारी बांध के निर्माण हेतु संशोधित प्रोजक्ट	2026.00	तथैव
11.	राप्ती नदी के दाहिने किनारे पर गारेखपुर जिला में बोक्टा बाखर बांध के 0.500 से 0.900 कि. मी., 1.600 कि.मी. से 1.97 कि.मी. एवं 7.50 कि. मी. से 7.800 कि.मी. के बीच बाढ़ सुरक्षा कार्यों की योजना सहित 0.000 कि.मी. से 11.250 कि. मी. के बीच ईंट का ऊपरी सोलिंग कार्य	1343.58	तथैव
12.	बहराईच जिला में गोरूआ नदी के वाएं किनारे पर अवस्थित गांवों की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्यों की योजना	5385.62	तथैव
13.	लखीमपुर खेरी जिला में घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर जालीमनगर अम्बारपुर बांध की शेष कार्यों के लिए योजना	5373.00	तथैव
14.	शाहजहांपुर जिला में डबरूनागला ग्राम के निकट गंगा नदी के वाएं किनारे पर भनसारधाईघाट अतिरिक्त बांध पर कटावरोधी कार्यों के लिए परियोजना	1140.00	तथैव

क्र. सं.	योजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	स्थिति
15.	लखनऊ जिला में किला मोहम्मदी नगर ड्रेन के पुनर्निमाण हेतु संशोधित प्रोजेक्ट	14275.93	तथैव
16.	बलिया जिला में घाघरा नदी के वाएं किनारे पर दूहा–कठौदा रिंग बांध के 2.00 कि.मी. से 2.40 कि.मी. के बीच बाढ़ सुरक्षा कार्यों का प्रोजक्ट	844.37	तथैव
17.	बलरामपुर जिला में राप्ती नदी के दाहिने किनारे पर मेवालाल तालाब दिपवा (एम.एल.टी.डी.) के निर्माण हेतु संशोधित परियोजना प्राक्कलन	1007.03	तथैव
18.	गोंडा जिला में सरयू/घाघरा नदी के वाएं किनारे सहित सकरौर–भिखारीपुर रिंग बांध के 13.600 कि.मी. से 15.00 कि.मी. के बीच रिटायड बांध के निर्माण हेतु संशोधित प्रोजक्ट प्राक्कलन	1703.74	गं.बा.नि.आ. में परीक्षणाधीन
19.	बलरामपुर जिला में राप्ती नदी के वाएं किनारे पर रजवारपुर को कर्माहना–भोजपुर बांध से सुरक्षा हेतु 10.500 से 11.700 कि.मी. के बीच कटावरोधी कार्यों की परियोजना	836.64	तथैव
20.	बलिया जिला में गंगा नदी के वाएं किनारे पर बलिया–बैरिया बांध के 26.700 कि.मी. से 27. 100 कि.मी. के बीच एवं 26.700 कि.मी. के बीच स्पर के निर्माण हेतु बाढ़ सुरक्षा कार्य	878.58	तथैव
21.	बदांयू एवं जे.पी. नगर जिलों में गंगा नदी के वाएं किनारे पर 0.000 कि.मी. से 34.000 कि.मी. के बीच कलक्टर साधु जिवपुर बांध के जीर्णोद्धार हेतु प्रोजक्ट	2930.51	तथैव
22.	लखनऊ जिला में 0.000 कि.मी. से 12.600 कि. मी. तक अटरिया खानीपुर रोड से चंद्रिका देवी माल रोड तक गोमती के वाएं किनारे पर मार्जिनल तटबंध के निर्माण हेतु योजना	1470.35	तथैव
23.	बरेली जिला में रामगंगा नदी के वाएं किनारे पर खलीनाबादा, शिवपुरी एवं नागरिया गांवों के निकट बाढ़ सुरक्षा कार्यों की योजना	757.64	तथैव
24.	बदांयू जिला में गंगा नदी के वाएं किनारे पर 12.700 से 14.00 कि.मी. तक उसेट टाट बांध के बाढ़ सुरक्षा कार्यों के लिए प्रोजक्ट प्राक्कलन योजना	931.49	तथैव
25.	बुलंदशहर जिला में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर अवस्थित ऐतिहासिक कर्णवास ग्राम की बाढ़ सुरक्षा कार्य	1374.00	तथैव
26.	बुलंदशहर जिला में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर अनुपशहर टाऊन के अनुप्रवाह में अवस्थित डैम पेनर डी.एस.–2 से सिवरेज ट्रिटमेंट प्लांट के बीच बाढ़ सुरक्षा कार्य	1214.00	तथैव

क्र. सं.	योजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	स्थिति
27.	सिद्धार्थनगर जिला में पुनरा नदी के दाहिने तट पर महादेवा उस्का के निर्माण के लिए संशोधित प्रोजक्ट प्राक्कलन	2776.00	तथैव
28.	गोंडा जिला में सरयू/घाघरा नदी के वाएं किनारे पर मुख्य बांध के 0.650 कि.मी. से सकरौर–भिखारीपुर रिंग बांध के बीच कटावरोधी कार्यों के लिए प्रोजक्ट प्राक्कलन	4151.00	तथैव
29.	बाराबंकी जिला में घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर एल्गिन ब्रिज के प्रतिप्रवाह में मार्जिनल बांध के निर्माण की योजना	17008.00	तथैव
30.	बाराबंकी जिला में दाहिने किनारे पर घाघरा नदी के 19.50 कि.मी. से 21.00 कि.मी. के बीच/ अलीनगर–रानीमऊ बांध के/बाढ़ सुरक्षा कार्य	1467.00	तथैव
31.	बस्ती जिला में घाघरा नदी बेसिन के 09 बाढ़ सुरक्षा योजनाओं के लिए संयुक्त योजना	8024.00	तथैव
32.	अटरिया–खानीपुर रोड से चंद्रिका देवी माल रोड के 0.00 कि.मी. से 12.600 कि.मी. तक गोमती नदी के वाएं किनारे पर मार्जिनल तटबंध के निर्माण की योजना	1470.35	तथैव
33.	देवरिया जिला में घाघरा नदी के वाएं किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों की योजना	1701.72	तथैव
34.	मोरादाबाद जिला में रामगंगा नदी के दाहिने किनारे पर कोथीवाल डेंटल कॉलेज से वाईपास रोड ब्रिज तक रामगंगा तटबंध के निर्माण की योजना	13416.00	तथैव
35.	बांदा जिला में केन नदी से बांदा सिटी के बाढ़ के पानी को बाहर निकालने के लिए पम्प हाऊस के निर्माण हेतु प्रोजेक्ट	1857.00	योजना परीक्षाधीन
36.	गोरखपुर जिला में राप्ती नदी के दाहिने किनारे पर वैरिया–सरिया बांध के निर्माण की योजना प्राक्कलन	3306.28	तथैव
37.	देवरिया जिला में मंझौली–चंदौली तटबंध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, खैरात रायवाड़ी तटबंध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण एवं 02 कि.मी. बढ़ोत्तरी, कुकुरघाटी–भिंगारी तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं 1.5 कि.मी. बढ़ोत्तरी तथा कुशीनगर जिला में राजपुर बरहरा तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं (–) 1. 275 कि.मी. बढ़ोत्तरी की योजना	1493.01	तथैव
	उत्तराखण्ड		
1.	जनजाति प्रखण्ड–कलसी, जिला–देहरादून में यमुना नदी से ग्राम–रूहदा (हरिपुर) की बाढ़ सुरक्षा	1043.00	योजना तकनीकी–आर्थिक रूप में स्वीकृत

क्र. सं.	योजना का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	स्थिति
2.	जनजाति प्रखण्ड–चकराटा जिला–देहरादून में अमलाबा नदी से ग्राम–कलसी में इंदिरा कॉलनी की बाढ़ सुरक्षा योजना	793.00	तथैव
3.	देहरादून जिला में रिपसाना नदी एवं इसकी सहायक नदियों पर 04 बाढ़ योजनाओं के अधीन बाढ़ सुरक्षा कार्य	920.90	तथैव
4.	देहरादून जिला में सौंग नदी एवं इसकी सहायक नदियों की 03 बाढ़ योजनाओं सहित बाढ़ सुरक्षा कार्य	869.60	तथैव
5.	पिथौरगढ़ जिला में काली नदी एवं इसकी सहायक नदियों पर बाढ़ सुरक्षा योजना की प्रोजक्ट	794.32	योजना की जांच की गई एवं टिप्पणी राज्य सरकार को भेजी गई
6.	कोसी एवं ढेला नदी (रामगंगा नदी की सहायक नदी) पर बाढ़ सुरक्षा योजना	1231.39	तथैव

योजनाओं के मूल्यांकन का संक्षिप्त स्थिति

राज्य	स्वीकृत योजनाएं	योजना की जांच की गई और टिप्पणियां भेजी गई	जांच के अधीन योजनाएं
बिहार	6	2	1
झारखण्ड	–	–	–
पश्चिम बंगाल	1	1	–
उत्तर प्रदेश	4	30	3
उत्तराखण्ड	4	2	–
हिमाचल प्रदेश	–	–	–
कुल	**15**	**35**	**4**

6 राज्यवार चल रही बाढ़–प्रबंधन योजनाओं का मॉनिटरिंग

गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग केन्द्रीय निधि के अधीन की बाढ़–प्रबंधन योजनाओं की भौतिकी एवं वित्तीय प्रगति की मॉनिटरिंग करता है तथा मॉनिटरिंग रिपोर्ट जल संसाधन मंत्रालय को नियमित रूप से भेजे जाते हैं। वर्ष 2011–12 के दौरान जी.एफ.सी.सी. के अधिकारियों द्वारा नीचे दिए गए ब्योरा के अनुसार बाढ़ प्रबंधन योजनाओं की मॉनिटरिंग की गयी तथा मॉनिटरिंग रिपोर्ट तैयार कर उसे जल संसाधन मंत्रालय को भेजा गया।

क्र. सं	योजना कोड	योजना का नाम	अनुमोदित लागत (लाख रू. में)
		बिहार	
1.	बी.आर.–1	कमला तटबंधों का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण	5209.26
2.	बी.आर.–19	खगड़िया शहर सुरक्षा योजना पार्ट–II	1339.18
3.	बी.आर.–20	खगड़िया शहर सुरक्षा योजना पार्ट–III	550.86
4.	बी.आर.–31	कोसी तटबंध का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण	33939.00
5.	बी.आर.–32	भुतही बलान तटबंध का उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार कार्य	3714.00
6.	बी.आर.–36	भोजपुर एवं बक्सर जिलों में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर बी.के.जी. तटबंध के केवटिया गांव के निकट सी.एच. 135.160 (सेक्टर–बी.), मझरिया गांव के निकट सी.एच. 143–160 और नैनिजोर गांव के निकट (सेक्टर–सी) सी.एच. 1491–1505.75 के बीच कटावरोधी कार्य	755.05
7.	बी.आर.–38	महानन्दा बाढ़ प्रबंधन योजना (फेज–1 अनुमोदित), महानन्दा बेसिन के लिए 603.88 करोड़ रू. का डी.पी.आर. अनुमोदित)	14968.80
8.	बी.आर.–42	लोअर नून तटबंधों में ईंट सोलिंग रोड एवं अन्य संबंधित कार्यों का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण	2671.00

क्र. सं	योजना कोड	योजना का नाम	अनुमोदित लागत (लाख रू. में)
9.	बी.आर.–43	महानन्दा नदी के दाहिने तटबंध पर गोबिन्दपुर के निकट लावाचौकिया पहाड़पुर के 20.98 कि.मी. (सी.एच. 688) पर ब्रीच क्लोजर सहित कटावरोधी कार्य तथा महानन्दा नदी के वाएं तटबंध के ऊपरी भाग पर 0.00 कि.मी. से 2.58 कि.मी. (सी.एच.–84.50) तक आजमनगर रिंग बांध के नदी पद्धति पर मोटा ईंट सोलिंग	1117.42
10.	बी.आर.–45	पश्चिम चम्पारण जिला में गंडक नदी के पी.डी. रिंग बांध के 27 से 32 मील के बीच कोयरपट्टी ग्राम में कटावरोधी कार्य एवं पी.डी. रिंग बांध के 27 से 32 मील के बीच के भाग का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण	1980.00
झारखण्ड			
1.	जे.एच.के. –1	गेरूआ नदी पर सी.एच. 0.00 से 855.00 तक सिवरिया गोरेगामा योजना के दाएं तटबंध का जीर्णोद्धार, गैप बंदी एवं सुरक्षा कार्य	2012.00
2.	जे.एच.के. –2	साहिबगंज जिला के नारायणपुर में गंगा नदी के दाहिने किनारे पर कटावरोधी कार्य	927.00
3.	जे.एच.के. –3	साहिबगंज जिला में बुधवारिया से कन्हैयास्थान तक गंगा नदी के दाहिने किनारे तक कटावरोधी कार्य	991.00
उत्तर प्रदेश			
1.	यू.पी.–1	गोरखपुर जिला में कौड़ीराम से खजनी–गोरखपुर सड़क तक आमी नदी के दाहिने तरफ तटबंध का निर्माण	1307.27
2.	यू.पी.–2	गोरखपुर जिला में कौड़ीराम से खजनी–गोरखपुर सड़क तक आमी नदी के वाएं तरफ तटबंध का निर्माण	1294.94
3.	यू.पी.–14	जे.पी. नगर, शाहजहांपुर, मेरठ और बुलन्दशहर जिलों में गंगा नदी के वाएं एवं दाहिने किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु योजना	3241.70
4.	यू.पी.–15	सिद्धार्थनगर एवं गोरखपुर जिले में राप्ती नदी के वाएं एवं दाहिने किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्य की योजना	6889.00
5.	यू.पी.–16	लखीमपुर खेरी जिला में घाघरा नदी के दाहिने किनारे पर अनेक छोटे गांवों की बाढ़ सुरक्षा हेतु कटावरोधी कार्यों की योजना	3040.00
6.	यू.पी.–17	लखीमपुर खेरी जिला में शारदा नदी के वाएं एवं दाहिने किनारे के गांवों की रक्षा के लिए कटावरोधी योजना	2504.00

क्र. सं	योजना कोड	योजना का नाम	अनुमोदित लागत (लाख रू. में)
7.	यू.पी.–18	मुजफ्फरनगर, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, अलीगढ़ एवं मथुरा जिलों में यमुना नदी के वाएं एवं दाएं किनारे पर बाढ़ सरुक्षा कार्यों की योजना	4380.00
8.	यू.पी.–19	बिजनौर एवं मुरादाबाद जिले में रामगंगा नदी के वाएं एवं दाएं किनारे तथा खो एवं कोसी नदी के दाहिने किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्य की योजना	1165.00
9.	यू.पी.–20	बागपत एवं गौतमबुद्ध नगर जिलों में हिण्डन नदी के वाएं एवं दाहिने किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्य की योजना	1432.00
उत्तराखण्ड			
1.	यू.के.–1	भोगपुर से बालावली तक दाएं मार्जिनल बांध का निर्माण	2069.49
2.	यू.के.–3	देहरादून जिला में हिलसावाली, मालदेवता, चकजोगीवाल, सहाबानगर एवं खादरी गांव की सुरक्षा हेतु सौंग नदी पर तटबंध का निर्माण	747.11
3.	यू.के.–4	देहरादून जिला में दुलहानी नदी के नेहरूग्राम, मिन्यावाला एवं सुन्दरवाला गांवों की बाढ़ सुरक्षा कार्य	566.60
4.	यू.के.–5	नन्धौर नदी एवं इसकी सहायक नदियों से नैनीताल एवं उद्यमसिंह नगर जिला में चौरगलिया एवं सितारगंज की सुरक्षा हेतु बाढ़ सुरक्ष्ज्ञा योजना	1423.87
पश्चिम बंगाल			
1.	डब्लू.बी. –1	नशीबपुर जिला–हुगली में सी.एच. 0.00 (ऑफ टेल) से सी.एच. 141.00 (संकरेल में आउटफॉल) तक दक्षिण सरस्वती नदी (ऊपरी एवं निचली भाग) का सुधार कार्य	3210.00
2.	डब्लू.बी. –9	दक्षिण 24 परगना जिला में थाना–नामखाना और थाना–पाथेर प्रतिमा में मौजा हरिपुर, टटाला और मौजा इन्द्रपुर (कुल लम्बाई 1130 मी. में सर्वे/क्षतिग्रस्त सुन्दरवन तटबंध का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य	463.57
3.	डब्लू.बी. –11	बेसंती बाजार के निकट होगल नदी के दाहिने एवं वाएं किनारे पर सोनारवाली के 07 मौजा में सुन्दरवन तटबंध एवं विद्या नदी के संगम एवं म चांदीपुर के मौजा महेशपुर में मृदंगाभंगा नदी के वाएं किनारे पर करताल और मौजा पुरवा श्रीपाथनगर में ठकुरान नदी के दाहिने किनारे पर सुन्दरवन तटबंध का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य	1085.18
4.	डब्लू.बी. –12	बंगाल की खाड़ी का सामने मौजा पोटीबोनिया (ए.वी. एवं वी.सी., सी.डी. एवं डी.क्यू क्षेत्र) में सुन्दरवन तटबंध का उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य	1498.61

क्र. सं	योजना कोड	योजना का नाम	अनुमोदित लागत (लाख रू. में)
5.	डब्लू.बी. –14	मुर्शिदाबाद जिला में सुन्दरपुर एवं वसंतपुरम काजीपराटो नवाग्राम एवं सहारबाटीटो उत्तरासन मुहाने तथा नदिया जिला में सन्यालचर में भागीरथी नदी के दोनों किनारों पर तट सुरक्षा योजना	2366.00
6.	डब्लू.बी. –15	आईचलीपारा, मोया, गलादरिया, पचिमबीचपारा में गंगा पद्मा नदी के दाहिने ओर (मुर्शिदाबाद जिला में बाबनाबाद एवं नादिया जिला में बासूबाड़ी) तक सुरक्षा कार्य हेतु योजना	2813.00

मॉनिटरिंग रिपोर्ट एवं जी.एफ.सी.सी. की अनुशंसा के आधार पर जल संसाधन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2011–12 के दौरान बिहार, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारों को कुल 332.63 करोड़ रू. की राशि स्वीकृत की गई। बाढ़–प्रबंधन कार्यक्रम के अधीन वर्ष 2011–12 तक कुल 1683.00 करोड़ रू. की राशि दी गई। जिसका ब्योरा नीचे दिया गया है :–

(राशि करोड़ रूपये में)

क्र. सं.	राज्य	अनुमोदित केन्द्रीय सहायता	2011–12 में दी गई राशि	11वीं योजना (2007–12) में कुल स्वीकृत राशि
1.	बिहार	1089.92	178.80	680.79
2.	झारखण्ड	29.48	6.54	17.07
3.	उत्तराखण्ड	104.62	22.99	49.62
4.	हिमाचल प्रदेश	31.21	–	16.20
5.	उत्तर प्रदेश	458.15	72.51	254.42
6.	प0 बंगाल	1349.81	51.79	629.47
7.	10वीं योजना की स्पील ओभर की राशि	–	–	35.43
	कुल	**3063.19**	**332.63**	**1683.00**

————————

7 नदी प्रबंधन तथा सीमा क्षेत्रों से संबंधित कार्य

11वीं योजना अवधि के दौरान जल संसाधन मंत्रालय ने जल संसाधन विकास एवं बाढ़–प्रबंधन क्रिया–कलापों के लिए ''नदी प्रबंधन क्रिया–कलाप एवं सीमा क्षेत्रों से संबंधित कार्यों'' शीर्षक से एक योजना का काम लिया है। इस योजना में कोसी एवं गंडक प्रोजेक्ट्स की बाढ़ सुरक्षा कार्यों का अनुरक्षण कार्य एवं भारत और बंगला देश के बीच साझा/सीमा की नदियों पर तट सुरक्षा कार्यों को करने की व्यवस्था शामिल की गई है।

7.0 कोसी एवं गंडक प्रोजेक्ट्स पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों का अनुरक्षण

7.1 कोसी पर सुरक्षा कार्य

कोसी उच्च स्तरीय समिति का गठन वर्ष 1978 में उस समय के सिंचाई विभाग, बिहार सरकार द्वारा अध्यक्ष, जी.एफ.सी.सी. की अध्यक्षता में किया गया था। इस समिति का काम नदी पर अबतक किए गए सुरक्षा कार्यों की समीक्षा/जांच करना तथा अगले बाढ़ मौसम से पहले की जानी वाली सुरक्षात्मक उपायों की अनुशंसा करना है। तब से यह समिति प्रत्येक वर्ष सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण करती है तथा अगले बाढ़ मौसम से पहले नदी पर किए जाने वाले सुरक्षा कार्य के संबंध में अनुशंसा करती है। राज्य सरकार समिति की अनुशंसाओं के आधार पर योजनाओं का निष्पादन करती हैं।

समिति का मौजूदा गठन नीचे दिया गया है :–

1.	अध्यक्ष, जी.एफ.सी.सी., पटना	अध्यक्ष
2.	सदस्य(आर.एम.), केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली या उनके प्रतिनिधि	सदस्य
3.	निदेशक, सी.डब्लू.पी.आर.एस., पुणे या उनके प्रतिनिधि	सदस्य
4.	अभियंता प्रमुख(उत्तर), जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार	सदस्य
5.	मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, दरभंगा	सदस्य
6.	मुख्य अभियंता(अनुसंधान), जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, खगौल	सदस्य
7.	मुख्य अभियंता (जल विज्ञान एवं प्रोजेक्ट प्लानिंग), जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार	सदस्य
8.	निदेशक, पूर्वी क्षेत्र, जल संसाधन विभाग, नेपाल सरकार, विराट नगर	सदस्य
9.	उप महानिदेशक, जल संसाधन विभाग, नेपाल सरकार, काठमांडू	सदस्य
10.	मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार सरकार, वीरपुर	सदस्य–सचिव

पिछले वर्षों की तरह कोसी उच्च स्तरीय समिति ने अक्तूबर, 2011 में सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया तथा वर्ष 2012 के बाढ़ से पहले किए जाने वाले कार्यों की अनुशंसा की।

बिहार सरकार द्वारा नेपाल क्षेत्र में किए जाने वाले सुरक्षा कार्यों पर की गई व्यय की पूरी राशि की प्रतिपूर्ति केन्द्र प्रायोजित योजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा की जाती है। नेपाल क्षेत्र में कोसी नदी की सुरक्षा में शामिल राशि की प्रतिपूर्ति बिहार सरकार से प्राप्त व्यय विवरण के आधार पर की जाती है।

7.2 गंडक नदी पर सुरक्षा कार्य

इसी प्रकार गंडक उच्च स्तरीय समिति का आरंभिक गठन उस समय के सिंचाई मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन सं. 10/12/80–एफ.सी. दिनांक 12 नवम्बर 1981 के द्वारा किया गया। इस समिति का कार्य 1981 के बाढ़ के दौरान उत्तर प्रदेश एवं बिहार राज्यों में गंडक नदी पर के दाहिने किनारे पर बाढ़ सुरक्षा कार्यों की कार्यकारिता मूल्यांकन करना तथा वर्ष 1981–82 के लिए दोनों राज्यों में निर्माण संबंधी क्रियाकलापों पर दिशा–निर्देश की कार्य अवधि समय–समय पर बढ़ाई गयी। जल संसाधन मंत्रालय के पत्रांक 5/15/2002/पू.न./गंगा/1219–27 दिनांक 21.3.2006 के द्वारा गंडक उच्च स्तरीय समिति का अब नया नाम ''गंडक उच्च स्तरीय स्थायी समिति'' हो गया है।

समिति के विचारार्थ विषय इस प्रकार हैं:–

- उत्तर प्रदेश एवं बिहार की राज्य सरकारों द्वारा अब तक निष्पादित बाढ़ नियंत्रण एवं कटावरोधी कार्यों की समीक्षा करना तथा बाढ़ के दौरान उनकी कार्यकारिता मूल्यांकन का काम करना।
